# पत्नी ने पति पर लगाए मारपीट के आरोप

कार्यवाई

## कहा- जहरीली दवा देने और बच्चे को अगवा करने की धमकी दी

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र में एसएस मोबाइल शॉप के संचालक संग्राम यादव के खिलाफ उनकी पत्नी सीमा यादव ने गंभीर आरोप लगाए हैं। गणेशपुर निवासी सीमा ने पुलिस को दी तहरीर में पति पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और जहरीली दवा पिलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने आठ वर्षीय बेटे की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। सीमा के अनुसार, उनके पति का किसी अन्य महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। आरोप है कि इसी वजह से वह उन्हें और उनके बेटे को छोड़ना चाहते हैं। वहीं, संग्राम यादव ने पत्नी के सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि जिस महिला का जिक्र किया गया है, वह उनकी केवल व्यावसायिक सहयोगी (बिजनेस पार्टनर) हैं। संग्राम का



आरोप है कि पत्नी व्यापार को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उन पर गलत आरोप लगा रही हैं। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद को लेकर उन्होंने फैमिली कोर्ट का सहारा लिया है। पुलिस का कहना है कि पत्नी की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटना से संबंधित तथ्यों और मेडिकल रिपोर्ट की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।सीमा का कहना है कि इसका विरोध करने पर पति और कथित महिला उन्हें और उनके बच्चे को धमका रहे हैं। पीड़िता फिलहाल मायके में रह रही हैं और अपनी तथा बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पीड़िता का आरोप है कि पति लगातार उन पर समझौता करने और अलग होने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें अपने आठ वर्षीय बेटे को अगवा करने की धमकी दी जा रही है। सीमा का कहना है कि वह मानसिक रूप से परेशान हैं और अपने मासूम बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### पति ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं, संग्राम यादव ने पत्नी के सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि जिस महिला का जिक्र किया गया है, वह उनकी केवल व्यावसायिक सहयोगी (बिजनेस पार्टनर) हैं। संग्राम का आरोप है कि पत्नी व्यापार को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उन पर गलत आरोप लगा रही हैं। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद को लेकर उन्होंने फैमिली कोर्ट का सहारा लिया है। पुलिस का कहना है कि पत्नी की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटना से संबंधित तथ्यों और मेडिकल रिपोर्ट की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### लोहे की रॉड से सिर पर हमला करने का आरोप

पुलिस को दी तहरीर में सीमा ने बताया कि मोबाइल दुकान के लिए लिए गए करीब 10 लाख रुपये के लोन और नकदी को लेकर पति अक्सर विवाद करते थे। उनका आरोप है कि 5-6 जुलाई की रात करीब नौ बजे संग्राम यादव एक अन्य महिला के साथ कमरे में आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उनके साथ मारपीट की और लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया।

# सफीपुर में मंदिर में पत्थर गिरने से युवक गंभीर घायल

## फतेहपुर चौरासी के ओसिया गांव में हुआ हादसा, जिला अस्पताल रेफर

तमसा संकेत, एजेंसी

सफीपुर। उन्नाव के फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ओसिया गांव में सोमवार दोपहर मंदिर परिसर की सफाई के दौरान एक युवक हादसे का शिकार हो गया। सफाई करते समय भारी पत्थर पैर पर गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल उसे सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे की है। ओसिया गांव निवासी बबलू (42) पुत्र रामखेला-वन अन्य ग्रामीणों के साथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर रहे थे। सफाई के दौरान मंदिर परिसर में पड़े



एक बड़े पत्थर को हटाकर दूसरी जगह रखने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान पत्थर अचानक बबलू के पैर पर जा गिरा। भारी पत्थर गिरने से बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मंदिर परिसर में मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्काल घायल युवक को संभाला और इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की। ग्रामीण घायल बबलू को सफीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

फास्ट न्यूज

### अंबेडकर प्रतिमा पुनर्स्थापित करने की मांग

उन्नाव। उन्नाव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दोबारा स्थापित करने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सोमवार दोपहर एसडीएम कहकशां को ज्ञापन सौंपा। यह प्रतिमा गंगाघाट थाना क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान हटाई गई थी। नागरिकों ने प्रशासन से प्रतिमा को उसके पूर्व स्थान पर सम्मानपूर्वक स्थापित करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि गंगाघाट थाने के पास बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा कई वर्षों से स्थापित थी।

### हरदोई के शिक्षक राजीव कुमार को मिली मानद डी.लिट. उपाधि

हरदोई। हरदोई जनपद के कोथावां ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय थानगांव में तैनात शिक्षक राजीव कुमार को यूएसए की लुसियाना रिसर्च यूनिवर्सिटी ने 'एग्जीक्यूटिव रिकग्निशन एवं मानद डी.लिट.' (D.Litt.) की उपाधि से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान उनकी दीर्घकालिक उत्कृष्ट शिक्षा सेवा, साहित्यिक योगदान और ज़मीनी नवाचारों के लिए प्रदान किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान उन्हें 22 अगस्त को नई दिल्ली के 'द महफ़िल ग्रांड' पैलेस में आयोजित एक समारोह के दौरान दिया गया।

### डकैती की बड़ी साजिश नाकाम

हरदोई। हरदोई की देहात कोतवाली पुलिस ने आधी रात को एक बड़ी डकैती की योजना को विफल कर दिया है। पुलिस ने मील कॉलोनी मोड़ के पास से पांच बदमाशों को हिरासत में लिया, उप निरीक्षक अखिल कुमार ने रविवार दोपहर 3:34 बजे देहात कोतवाली में डकैती की तैयारी और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसा, सिर में आई गंभीर चोटें



तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना बेहटा मुज़ावर थाना क्षेत्र के जोगीकोट गांव के पास सुबह करीब 8:30 बजे हुई। मृतक की पहचान ठाकुरगंज, लखनऊ निवासी आयुष शुक्ला (पुत्र राजगोपाल शुक्ला) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आयुष शुक्ला लखनऊ से आगरा की ओर जा रहे थे। एक्सप्रेसवे पर खड़े एक ट्रक को बचाने के प्रयास में उनकी स्प्लेंडर बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद बाइक डिवाइडर से जा टकराई, जिससे आयुष शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## बड़े भाई ने हंसिए से किया हमला, पुरवा के काजीखेड़ा गांव में नशेबाजी को लेकर भी हुआ था विवाद

# संपत्ति विवाद में छोटे भाई की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के पुरवा कोतवाली क्षेत्र के काजीखेड़ा गांव में संपत्ति के बंटवारे और नशेबाजी को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविवार रात दो भाइयों के बीच कहासुनी के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई पर हंसिए से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मृतक की पहचान दिलीप लोधी (24) के रूप में हुई है। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। परिजनों के मुताबिक, परिवार में एक बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। रविवार रात दिलीप का दूसरे नंबर के भाई किशन लोधी से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच नशेबाजी को लेकर भी कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया।




### आरोपी भाई को कोर्ट से भेजा गया जेल

पुलिस ने सोमवार को आरोपी किशन लोधी को दोपहर करीब तीन बजे न्यायालय में पेश किया। कोर्ट से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई तहरीर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।पुलिस के मुताबिक, मामले में तहरीर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विवाद बढ़ने पर हंसिए से किया हमला



पुलिस के अनुसार, कहासुनी के दौरान किशन ने हंसिया उठा लिया और दिलीप पर हमला कर दिया। हमले में दिलीप गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और आसपास के लोगों ने घायल दिलीप को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पुरवा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुरवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों तथा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी किशन लोधी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसके बाद मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।



### पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा शव

घटना के बाद मृतक के परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत और चोटों से संबंधित तथ्यों को जांच में शामिल किया जाएगा। पुरवा कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि भाइयों के बीच बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी किशन लोधी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च के निर्देश, ईओ को निर्देश साफ सफाई पर्याप्त हो

# बारावफात को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसपी ने रूट देखा

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार दोपहर विकास भवन सभागार में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने त्योहार के दौरान सुरक्षा, यातायात, बिजली, सफाई और जुलूस मार्गों की व्यवस्था पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारियों (सीओ) को अपने-अपने क्षेत्रों में जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर रूट लाइनिंग पूरी




कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्ग में किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। साथ ही, संबंधित क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाने के निर्देश भी दिए गए। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए, जलभराव वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को जुलूस मार्गों पर जलनिकासी और साफ-सफाई सुनिश्चित कराने को कहा गया। अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों को पहले से चिह्नित कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। जुलूस मार्गों पर निराश्रित पशुओं की मौजूदगी रोकने के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

पर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी के लिए जिला स्तर के साथ सभी छह तहसीलों में कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे। अधिकारी और कर्मचारी कार्यक्रम समाप्त होने तक व्यवस्थाओं की ट्रैकिंग करेंगे। वहीं, जुलूस के दौरान एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। आयोजक समितियों को विशेष रूप से कहा गया कि जुलूस के कारण किसी मरीज को अस्पताल पहुंचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# डीएम-एसपी ने कस्तूरबा-नवोदय विद्यालयों का किया निरीक्षण

## छात्रों से बात कर जानी सुविधाएं, कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने जिले के आवासीय विद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय समेत अन्य छात्रावासों का दौरा किया। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर पढ़ाई, भोजन, आवास और दैनिक सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने विद्यार्थियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने पढ़ाई के स्तर, शिक्षकों की उपलब्धता, दैनिक दिनचर्या और हॉस्टल सुविधाओं पर छात्रों से सीधा फीडबैक लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य कागजी रिपोर्टों के बजाय



विद्यालयों की वास्तविक स्थिति जानना है, ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने विद्यालय प्रबंधन को भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों से कोई समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन तैयार करने और परोसने की व्यवस्था का जायजा लिया। खाद्य सामग्री के रखरखाव और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने छात्रावास परिसर, कमरों और रसोईघर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने नियमित सफाई सुनिश्चित करने और परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने पर जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि आवासीय विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर वातावरण प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान, विद्यार्थियों से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गई। डीएम ने छात्रों को आश्वासन दिया कि यदि उन्हें किसी सुविधा की कमी या अन्य परेशानी का सामना करना पड़ता है, तो वे सीधे प्रशासन को सूचित कर सकते हैं। ऐसी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

# भाजपा के पूर्व बूथ अध्यक्ष का तालाब में मिला शव

## बाराबंकी में ग्रामीणों ने उतराता देखा शव, पत्नी की पहले हो चुकी है मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर स्थित एक तालाब में शव उतराता दिखाई दिया। देखते ही देखते शव मिलने की खबर पूरे इलाके में फैल गई और तालाब के किनारे ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। शव की पहचान राजापुर गांव निवासी इंद्र प्रसाद वर्मा (50) के रूप में हुई। इंद्र प्रसाद भाजपा के पूर्व बूथ अध्यक्ष बताए जा रहे हैं और पिछले दो दिनों से अपने घर से लापता थे। परिजन उनकी रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के इलाकों में तलाश कर रहे थे, लेकिन सोमवार सुबह तालाब से उनका शव मिलने के बाद परिवार



में कोहराम मच गया। सूचना पर बदोसराय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव को तालाब से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इंद्र प्रसाद वर्मा पिछले दो दिनों से घर से लापता थे। उनके अचानक गायब होने के बाद परिजनों की चिंता बढ़ गई थी। परिवार के लोग उन्हें रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करते रहे। आसपास के संभावित स्थानों पर भी उनकी खोजबीन की गई, लेकिन इंद्र प्रसाद का कोई सुराग नहीं मिल सका। बताया गया कि इस दौरान परिवार की ओर से पुलिस में गुमशुदगी की कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। परिजन अपने स्तर से तलाश कर रहे थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि जिस व्यक्ति को वे दो दिन से ढूंढ रहे हैं, उसका शव गांव के बाहर स्थित तालाब में मिलेगा। सोमवार सुबह कुछ ग्रामीण गांव के बाहर स्थित तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में एक शव पर पड़ी।

हादसा : इनवर्टर के बैक करंट का दावा, 15 मिनट तक फंसा रहा

# बिजली के तारों में उल्टा लटका संविदा कर्मचारी

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के साण्डी कस्बे के मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह बिजली लाइन में फाल्ट ठीक करने के दौरान संविदा कर्मचारी हादसे का शिकार हो गया। विद्युत सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारी रामू बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइन में आई खराबी को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान कथित तौर पर किसी घर के इनवर्टर से आया बैक करंट बिजली लाइन में दौड़ गया। करंट की चपेट में आने से रामू का संतुलन बिगड़ गया और वह तारों के बीच उल्टे लटक गए। करीब 15 से 20 मिनट तक रामू बेसुध हालत में खंभे पर तारों के बीच फंसे रहे। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा और इलाज के लिए अस्पताल



पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रामू लाइन में फाल्ट ठीक करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उन्हें तेज करंट का झटका लगा। झटका लगते ही उनका संतुलन बिगड़ गया और वह तारों के बीच उल्टे लटक गए। कुछ देर तक वह बेसुध अवस्था में वहीं फंसे रहे। नीचे मौजूद लोगों ने उन्हें देखकर शोर मचाया और मदद के लिए आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई। काफी सावधानी के साथ रामू को तारों के बीच से नीचे उतारा गया। इसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साण्डी ले जाया गया। लोगों की मदद से रामू को पुलिस वाहन के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सीएचसी साण्डी में डॉक्टरों ने रामू का उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया गया। चिकित्सकों के मुताबिक फिलहाल रामू खतरे से बाहर हैं। हादसे की खबर फैलते ही मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोग कर्मचारी को तारों के बीच फंसा देखकर उसकी मदद के लिए जुट गए थे। घटना के बाद मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से भीड़ को नियंत्रित किया गया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी। हादसे में बैक करंट को संभावित वजह बताया जा रहा है। दावा किया गया है कि किसी घर के इनवर्टर से आया बैक करंट लाइन में दौड़ गया, जिसकी चपेट में आने से कर्मचारी को करंट लगा। हालांकि बैक करंट किस तरह लाइन में पहुंचा, इसकी स्पष्ट जानकारी जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

### जेई बोले- इनवर्टर का करंट बैक होने से हुआ हादसा

विद्युत सब स्टेशन के जेई मुकेश गुप्ता ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग की लाइन में फाल्ट सुधारने के दौरान किसी घर में लगे इनवर्टर का करंट लाइन में बैक कर गया था। इसी दौरान लाइन पर काम कर रहे कर्मचारी रामू को करंट का झटका लगा और संतुलन बिगड़ने से वह तारों में उलझ गए। जेई के मुताबिक, कर्मचारी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में काफी सुधार है।

## बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर घुसे, 22 एजेंटों को दौड़ाकर पकड़ा, बाबू से 1 लाख कैश मिला

# कानपुर आरटीओ ऑफिस में 50 पुलिसवालों की रेड

छापेमारी

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर RTO ऑफिस में सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे जिला प्रशासन और 50 पुलिसवालों ने रेड डाली। सभी बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर अंदर घुसे और आरटीओ कार्यालय के दोनों गेट बंद कर दिए। पुलिस की छापेमारी देखकर एजेंट इधर-उधर भागने लगे। आरटीओ के बाहर अवैध वेंडर दुकानें बंद कर भाग गए। पुलिस वालों ने दौड़ाकर 22 एजेंट को पकड़ लिया। कई मौके से दीवार फांदकर भाग गए। इस



दौरान पुलिसवालों से एक अधिवक्ता की झड़प भी हो गई। छापेमारी एडीसीपी स्पेशल ऑपरेशन सुमित सुधाकर रामटेके और SDM सदर अनुभव सिंह के नेतृत्व में हुई। टीम ने प्रवर्तन कक्ष में दस्तावेजों की जांच की। कैश डिपार्टमेंट के बाबू विपिन कुमार के पास 15 हजार रुपए कम मिले। वहीं प्रवर्तन कक्ष में चालान बाबू मृदुल मिश्रा के पास एक लाख रुपए कैश मिले। मृदुल पैसों का हिसाब नहीं दे सके। आरटीओ के आरआई संतोष यादव से बंद कमरे में एडीसीपी ने पूछताछ की। SDM सदर ने बताया कि आरटीओ की एक ट्रक चालक ने शिकायत की थी। एआरटीओ ने प्रदूषण, ट्रक का हॉर्न न बजने और सीट बेल्ट न लगाने का चालान किया था। उससे 26,700 रुपए लिए। जबकि उसे 21, 700 की रसीद दी गई। ट्रक ड्राइवर की शिकायत के बाद यह एक्शन हुआ। टीम ने करीब 3 घंटे तक छापेमारी की। पकड़े गए सभी 22 लोगों को काकादेव थाने भेजा गया है।

### चालान बाबू के पास एक लाख कैश मिला, हिसाब नहीं दे सका

सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे जिला प्रशासन और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने आरटीओ पहुंची। पुलिस टीम ने आरटीओ परिसर के दोनों गेट बंद कर छापेमारी अभियान शुरू की। पुलिस-कर्मियों ने दौड़ा-दौड़ाकर परिसर में मौजूद 22 एजेंटों को पकड़ लिया। कई मौके से भाग गए। जिला प्रशासन और क्राइम ब्रांच की टीम ने एआरटीओ आलोक कुमार के साथ एक-एक विभाग में दस्तावेज खंगाले। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारी के लैपटॉप और कंप्यूटरों की भी जांच की। प्रवर्तन कक्ष में छापेमारी के दौरान टीम को चालान बाबू मृदुल मिश्रा के पास से एक लाख कैश मिला। जिसका वह हिसाब नहीं दे सके। कैश डिपार्टमेंट में बाबू विपिन कुमार के पास से टीम को 15 हजार रुपए कम मिले।

### ट्रक ड्राइवर ने की थी शिकायत, आरटीओ ने 5000 वसूले थे

हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि मैं जेके सीमेंट का ट्रक चलाता हूं। शनिवार को भरुवा से मंधना सीमेंट लादकर जा रहा था। भौंती बाईपास पर आरटीओ सोमलता यादव ने 26,750 का चालान कर दिया।





### एसडीएम बोले- भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई

एसडीएम अनुभव सिंह ने बताया कि विभाग की काफी समय से शिकायतें मिल रहीं थीं। हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना निवासी ट्रक चालक कामता प्रसाद ने शनिवार को शिकायत की थी। भौंती बाईपास पर एआरटीओ सोमलता यादव ने ट्रक का चालान कर दिया। इसमें सीट बेल्ट और हैवी लाइसेंस न होने का भी चालान किया गया। जबकि ट्रक में सीट बेल्ट नहीं होती है। कामता के पास हैवी लाइसेंस था। इसके बाद भी उसका चालान किया गया। इसके बाद जिला प्रशासन ने टीम बनाकर छापेमारी की।

## यूपी की महिलाओं ने किया कमाल : समूह की पांच कंपनियों का कारोबार साढ़े पांच हजार करोड़ के पार

### 31 जनपदों के 6,603 गांवों तक पहुंचा महिला कारोबारियों का नेटवर्क

तमसा संकेत,संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गांवों में महिलाओं की आर्थिक ताकत अब श्वेत क्रांति की नई कहानी लिख रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूहों की पांच कंपनियों ने वर्ष 2019 से अब तक करीब 5,716.26 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इन कंपनियों से 3.88 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। दुग्ध उत्पादन और उसके संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार दिया है। महिला दुग्ध उत्पादक कंपनियां इस समय प्रतिदिन करीब 12.5 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रही हैं। इन महिला कारोबारियों का नेटवर्क 31 जनपदों के 6,603 गांवों तक पहुंच चुका है, जिसे और विस्तार देने की योजना है। महिलाओं को केवल स्वयं सहायता समूहों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें कारोबार और कंपनी संचालन से जोड़ने का असर अब गांवों में साफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीण परिवारों की महिलाएं दुग्ध उत्पादन को नियमित आय के साधन के रूप में अपना रही हैं। दूध के संग्रहण और बिक्री की व्यवस्थित व्यवस्था ने उन्हें स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराया है। इससे पशुपालन को भी आर्थिक गतिविधि के रूप में मजबूती मिल रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि दुग्ध उत्पादक महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनकर उभर रही हैं। महिला समूहों के माध्यम से तैयार कंपनियां महिलाओं को उत्पादन से लेकर कारोबार तक की पूरी श्रृंखला से जोड़ रही हैं। इसका सकारात्मक असर उनकी आय और गांवों की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। प्रदेश में महिला दुग्ध उत्पादक कंपनियों की बढ़ती सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इनके माध्यम से प्रतिदिन करीब 12.5 लाख लीटर दूध संग्रहीत किया जा रहा है।

फास्ट न्यूज

### बजरंग दल के जिलाध्यक्ष के बहनोई की हत्या

बस्ती। बस्ती में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष के बहनोई को पीट-पीटकर मार डाला। रविवार रात को पुरानी रंजिश और उलाहना देने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। यहां चारपाई के पाट से इतना पीटा की युवक लहूलुहान होकर गिर गया। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय उसकी मौत हो गई। राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी और कार्यकर्ताओं ने महसो चौकी घेर ली। पुलिस-कर्मियों के निलंबन की मांग कर नारेबाजी करने लगे।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार, 17,880 रुपये और ताश की गड्डी बरामद

मांट। थाना मांट पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुए की फड़ पर लगाए गए 17,880 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त की शाम करीब 6:02 बजे राधारानी अंडरपास से लगभग 400 मीटर राधारानी मंदिर की ओर जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारा। मौके से रामेश्वर निवासी प्रेमनगर, रुपदास निवासी नगला लौहरे, संदीप निवासी नगला वैशला, पिंकू निवासी नगला कलौंदा और रामवीर निवासी सरकोरिया को गिरफ्तार किया गया।

### संभल में कुएं पर मकान बनाने को लेकर बवाल

संभल। संभल कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के कुहैरा गांव में सोमवार दोपहर कुएं पर निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट और पथराव में बदल गई। घटना में छह साल की बच्ची और चार महिलाओं समेत नौ लोग घायल हो गए। करीब आधे घंटे तक छतों से भी पत्थरबाजी होती रही। इससे गांव में करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## ट्रांसफार्मर डकैती के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

### 12 किलो तांबे का तार बरामद

तमसा संकेत, संवाददाता

गोवर्धन। थाना गोवर्धन पुलिस ने ट्रांसफार्मर डकैती के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 12 किलोग्राम तांबे का तार बरामद किया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे भरतपुर मोड़ से राजस्थान की ओर जाने वाले रास्ते पर थाना हाईवे क्षेत्र में करीब 20 कदम की दूरी से आरोपी को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना शमशाबाद, आगरा, हाल निवासी आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-4 थाना जगदीश-पुरा, आगरा के रूप में हुई। आरोपी के पास से एक बंडल तांबे का तार मिला, जिसका वजन करीब 12 किलो है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना गोवर्धन में मुकदमा



दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ फिरोजाबाद जिले के टूंडला और शिकोहाबाद थानों में चोरी व विद्युत अधिनियम से संबंधित तीन अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल देवेंद्र सिंह और अमित कुमार शामिल रहे।

## सचेंडी में प्रेमिका को नौकरी दिलाने पर खुला राज, चार आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

# फर्जी दिव्यांग गिरोह का पर्दाफाश

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा कर नौकरी हासिल करने वाले गिरोह का सचेंडी पुलिस और एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। गिरोह स्वस्थ अभ्यर्थियों के फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाकर उन्हें दिव्यांग कोटे का लाभ दिलाता था। इसके बाद रुपये लेकर पेशेवर लेखक सहायक की व्यवस्था कर परीक्षा में उनकी जगह प्रश्नपत्र हल कराया जाता था। 22 अगस्त को बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की प्रोबेशनरी अधिकारी व प्रबंधन प्रशिक्षु प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को पकड़कर गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, एक आइपैड, आधार, पैन कार्ड, पासपोर्ट, वाहन चालक प्रमाणपत्र, दो एटीएम कार्ड, 2,750 रुपये नकद, परीक्षा संबंधी दस्तावेज और वारदात में इस्तेमाल कार बरामद हुई



है। भैलामऊ स्थित परीक्षा केंद्र पर अवनीश यादव के लिए आशीष कुमार और अनुराधा कन्नौजिया के लिए बिहार निवासी राहुल कुमार सिन्हा लेखक सहायक बनकर पहुंचे थे। पूछताछ में दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसी दौरान पुलिस को लेखक सहायकों के चयन में भी गड़बड़ी मिली। पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसे अंकित सचान ने अनुराधा के लिए बुलाया था। इसके बाद अंकित को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अवनीश यादव ने पूछताछ में बताया कि वह पूरी तरह स्वस्थ है और स्नातकोत्तर तक पढ़ाई कर चुका है। इसके बावजूद उसने वर्ष 2025 में करीब एक लाख रुपये देकर दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाया था।

### प्रेमिका को नौकरी दिलाने के लिए दस लाख में सौदा

अंकित सचान ग्रामीण बैंक में वसूली प्रबंधक है। पुलिस के अनुसार वह युवती को दिव्यांग कोटे के माध्यम से नौकरी दिलाना चाहता था। उसने वर्ष 2024 में करीब 65 हजार रुपये देकर उसका दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाया था। इसके बाद 22 अगस्त की परीक्षा में सफलता दिलाने के लिए दस लाख रुपये में सौदा किया गया। अग्रिम के रूप में 21 और 22 अगस्त को दस-दस हजार रुपये भेजे गए थे।

### मोबाइल और आइपैड से खुला बड़ा नेटवर्क

राहुल के मोबाइल और आइपैड में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र, लेखक सहायक प्रपत्र, प्रमाणपत्र और लेनदेन से जुड़ी बातचीत मिली है। पूछताछ में उसने बताया कि दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ऑनलाइन पढ़ाने के दौरान वह ऐसे लोगों के संपर्क में आया था, जो फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र वाले अभ्यर्थियों को लेखक सहायक उपलब्ध कराते थे। उसके मोबाइल में भुगतान की रसीद और परीक्षा संबंधी बातचीत भी मिली है।

### दर्ज किया गया मुकदमा

डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि 22 अगस्त को भैलामऊ स्थित परीक्षा केंद्र पर बैंक पीओ की प्रारंभिक परीक्षा के दौरान अवनीश यादव, आशीष कुमार और राहुल कुमार सिन्हा लेखक सहायक बनकर पहुंचे थे। गड़बड़ी की सूचना मिलते ही मौके पर एसटीएफ और पुलिस टीम पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ के बाद अवनीश यादव, आशीष कुमार, राहुल कुमार सिन्हा और अंकित सचान को गिरफ्तार किया गया। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**"जांच में शमशेर उर्फ शीलू सचान, मनोज कुमार यादव, सुरजीत कुमार, मनोरंजन, राजू गुप्ता, मनीष कुमार मिश्रा और राहुल यादव समेत कई अन्य नाम सामने आए हैं। पुलिस अब पूरे गिरोह के नेटवर्क और पूर्व में कराई गई परीक्षाओं की जानकारी जुटा रही है।**

# 1090 चौराहे से मुख्यमंत्री आवास तक कूच, सैकड़ों लोग गिरफ्तार

### 1090 चौराहे से मुख्यमंत्री आवास तक कूच, सैकड़ों गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। आज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के 1090 चौराहे पर सवर्ण समाज मोर्चा के तत्वावधान में ब्राह्मण परिवार लखनऊ भारत संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुट होकर अपनी अभूतपूर्व एकता का परिचय दिया। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम मात्र एक दिन पहले शाम को शॉर्ट नोटिस पर तय हुआ था, फिर भी हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग 1090 चौराहे पर एकत्रित हुए। प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम नारायण मिश्रा एडवोकेट, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. भानु पाण्डेय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश मोहन मिश्रा, प्रदेश महासचिव राकेश कुमार पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक अग्निहोत्री एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद द्विवेदी एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक पाण्डेय, प्रदेश सचिव अनूप दुबे, जिला अध्यक्ष विनय त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा, सक्रिय सदस्य अमित दीक्षित, मनोज मिश्रा, दीपक कुमार, महानगर अध्यक्ष सौरभ शुक्ला उर्फ ज्वाला, महामंत्री महानगर बाबा द्विवेदी। अभय सिंह एडवोकेट, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, अंशुमान त्रिपाठी, अमन द्विवेदी, आशीष मिश्रा आदि। मुख्य वक्ताओं ने कहाः सभी वक्ताओं - श्री श्याम नारायण मिश्रा, डॉ. भानु पाण्डेय, अभिषेक अग्निहोत्री, डॉ. घनश्याम पाण्डेय, राकेश मोहन मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय, अनूप दुबे, प्रभात शर्मा, सौरभ शुक्ला, बाबा द्विवेदी, मनोज मिश्रा, दीपक कुमार आदि ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन अब पूरे भारतवर्ष में तब तक जारी रहेगा जब तक UGC का काला बिल वापस नहीं लिया जाता और आरक्षण पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाता। सवर्ण समाज अब पूरी तरह जाग चुका है। सभी संगठनों ने एक साथ यूजीसी काला बिल वापस लो, आरक्षण समाप्त करो, भारत सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी॥ के गगनभेदी नारों के साथ मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच किया। मुख्यमंत्री आवास पहुँचने से पहले ही समतामूलक चौराहे से चिड़ियाघर के बीच भारी पुलिस बल ने बैरिकेडिंग कर सभी आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर बसों में भर दिया, पर किसी का जोश कम नहीं हुआ।

# उत्तर प्रदेश की बेटियां बन रहीं आत्मनिर्भर, 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' से जुड़कर बना रही नई पहचान

### योगी सरकार के विजन 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' को लखीमपुर की प्रिन्सी गुप्ता ने धरातल पर उतारा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) इसी संकल्प को साकार करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का लाभ उठाकर लखीमपुर खीरी की प्रिन्सी गुप्ता ने न केवल अपना व्यवसाय स्थापित किया, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए। लखीमपुर खीरी की रहने वाली प्रिन्सी गुप्ता बताती हैं कि वह हमेशा से अपना कुछ करने की इच्छा रखती थीं, लेकिन पर्याप्त पूंजी न होने के कारण व्यवसाय शुरू करना आसान नहीं था। उनकों 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की जानकारी मिली। जिसके बाद योजना के लिए



उन्होंने आवेदन किया और जुलाई 2025 में उन्हें साढ़े चार लाख रुपये का बिना गारंटी ऋण प्राप्त हुआ। प्रिन्सी बताती हैं कि इस आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को नई दिशा दी। ऋण मिलने के बाद उन्होंने स्नैक्स निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। इसके बाद अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना शुरू किया। आज उनका व्यवसाय नियमित रूप से संचालित हो रहा है। प्रिन्सी गुप्ता ने बताया कि व्यवसाय शुरू होने के बाद उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। वर्तमान में वह अपने स्नैक्स निर्माण व्यवसाय से हर महीने लगभग 40 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। यह आय उनके परिवार के लिए एक मजबूत सहारा बनी है और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिला है। वे फिलहाल स्वयं ही अपने व्यवसाय का संचालन कर रही हैं। उत्पाद तैयार करने से लेकर उनकी बिक्री और प्रबंधन तक की जिम्मेदारी वह खुद संभालती हैं। उनका लक्ष्य आने वाले समय में अपने व्यवसाय का विस्तार करना और इसे बड़े स्तर तक ले जाना है। प्रिन्सी गुप्ता ने बताया कि 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' जैसे प्रयास युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का वास्तविक अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सही समय पर वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन मिल जाए तो कोई भी युवा अपने सपनों को साकार कर सकता है। उनका कहना है कि सरकारी योजना के सहयोग से उन्हें न केवल आर्थिक मदद मिली, बल्कि अपना व्यवसाय शुरू करने का आत्मविश्वास भी प्राप्त हुआ। आज वह अपने पैरों पर खड़ी हैं और भविष्य में अपने कारोबार को और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर आधारित है। 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। योजना के तहत पात्र युवाओं को बिना गारंटी ऋण, प्रशिक्षण और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# चोरी का ई-रिक्शा बेचने निकले दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने ग्राम रानीखेड़ा में घर के बाहर खड़े नए ई-रिक्शे को चोरी किया था। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त को बैरीसालपुर निवासी राकेश ने शिकायत दी थी कि उनका ई-रिक्शा घर के सामने से चोरी हो गया है। शिकायत के आधार पर मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई। तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के साथ स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस ने जीतू (21) निवासी लालता खेड़ा, थाना निगोहा और रामप्रसाद (36) निवासी बेनीपुर, थाना हरगांव, सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया।



उनके कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों चोरी की नीयत से घूम रहे थे। इसी दौरान रानीखेड़ा गांव में घर के बाहर नया ई-रिक्शा खड़ा दिखाई दिया। घर में लोग सो रहे थे, जिसके बाद दोनों ने ई-रिक्शा चोरी कर लिया। उसे बेचने के लिए ले जाते समय कनकहा-तेलीबाग नहर मार्ग पर ई-रिक्शे की बैटरी डिस्चार्ज हो गई। इसके बाद दोनों वाहन को सुनसान स्थान पर छिपाकर चले गए। सोमवार को वे ई-रिक्शे को बेचने के लिए पैदल ढकेलकर ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी जीतू के खिलाफ वजीरगंज थाने में वर्ष 2025 में चोरी से संबंधित एक मुकदमा भी दर्ज है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य

### जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने सैकड़ों नागरिकों की सुनी समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक फरियादी से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं प्रकरणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग दो दर्जन जनपदों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उप मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक फरियादी की बात गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनी। इस अवसर पर भूमि एवं राजस्व विवाद, अवैध कब्जे, चिकित्सा सहायता,



पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस प्रशासन, शिक्षा, रोजगार सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रकरण उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए गए। श्री मौर्य ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन सरकार और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का मजबूत माध्यम है। जनता की समस्याओं को सुनना, उनका समाधान करना और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

# रॉन्ग साइड चलाने से रोकने पर यातायात पुलिसकर्मी से अभद्रता, तीन लोग गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के अवध चौराहे पर रॉन्ग साइड वाहन चलाने से रोकने पर यातायात पुलिसकर्मी से अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिसकर्मी के साथ आपराधिक बल का प्रयोग किया और जान-माल की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त को यातायात पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी जसवंत यादव की तहरीरी सूचना पर कृष्णानगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि अवध चौराहे पर रॉन्ग साइड वाहन चलाने से रोकने पर संतोष वर्मा, आलोक कुमार यादव और दीपक ने एक राय होकर पुलिसकर्मी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की





तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। मामले में कृष्णानगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संतोष वर्मा निवासी अहमदाबाद, आलोक कुमार यादव निवासी टांडा, अंबेडकर नगर और दीपक निवासी शरीफपुर, टांडा, अंबेडकर नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(3), 132, 221, 121(1) और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक प्रद्युम्न कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरी-क्षक पंकज सारस्वत, रामनारायन और निहाल सिंह की टीम ने की।

# रात 2 बजे से लगी लाइनें, पुलिस ने संभाला मोर्चा, मेले में झूले बने आकर्षण

# चौथे सोमवार पर पृथ्वीनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

शिवभक्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा के पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। कांवड़ियों का पहुंचना रात 2 बजे से ही शुरू हो गया था। डाक कांवड़ लेकर पहुंचे शिवभक्तों ने सबसे पहले महादेव का जलाभिषेक किया। इसके बाद सुबह होते-होते मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। सुबह 11 बजे तक करीब 30 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। मंदिर परिसर में चारों तरफ हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे।



मंदिर प्रशासन के मुताबिक जलाभिषेक का सिलसिला सोमवार रात 12 बजे तक चलता रहेगा। इसके बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। सावन के सोमवार पर यहां जल चढ़ाने को लेकर श्रद्धालुओं में खास आस्था है। इसी वजह से रात से ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचने लगे थे। पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर की ब्रज क्षेत्र में काफी मान्यता है। सावन के दौरान हर साल यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

सावन के सोमवार पर भीड़ और बढ़ जाती है। इस बार भी चौथे सोमवार को रात से ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

## बैरिकेडिंग कर तैनात किया गया पुलिस बल

भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। मंदिर के आसपास बैरिकेडिंग की गई है। अतिरिक्त पुलिस बल और स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो और भीड़ को व्यवस्थित रखा जा सके। रविवार शाम मेले का उद्घाटन होने के बाद सोमवार को मंदिर और आसपास का पूरा इलाका शिवभक्ति में डूबा नजर आया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने पहले मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक किया। इसके बाद परिवार के साथ मेले में पहुंचे। यहां झूलों, दुकानों और भंडारों पर भी काफी भीड़ रही।







## झूलों पर सबसे ज्यादा भीड़

*पृथ्वीनाथ मेले में लगे अलग-अलग झूले बच्चों के साथ बड़ों को भी खूब पसंद आ रहे हैं। नागिन झूला, ब्रेक डांस और ड्रैगन ट्रेन समेत कई झूले लगाए गए हैं। इन पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। मेले में कई संस्थाओं की ओर से भंडारे भी लगाए गए हैं। यहां श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी, खिचड़ी, हलवा और शरबत का प्रसाद बांटा जा रहा है। दर्शन के बाद लोग मेले में खरीदारी और झूलों का आनंद लेते नजर आए।*

# एथनॉल नीति या जनता का उत्पीड़न

### गन्ने से ईंधन बनाने के फेर में चीनी-गुड़ रिकॉर्ड महंगे : डॉ. राजीव शर्मा

तमसा संकेत,संवाददाता



मथुरा/गोवर्धन। उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासचिव डॉ. राजीव शर्मा ने केंद्र सरकार की एथनॉल ब्लेंडिंग नीति पर कड़ा कटाक्ष करते हुए सरकार की नीयत और मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देने वाली सरकार की यह कैसी नीति है, जहां गन्ने से ईंधन बनाने के फेर में जनता की दोनों तरह से लूटा जा रहा है। सरकार की गलत प्राथमिकताओं के कारण आज देश का आम नागरिक और वाहन चालक दोहरी मार झेलने को मजबूर है। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा कि केंद्र सरकार को जनता के पेट से ज्यादा गाड़ियों के टैंक की चिंता है। गन्ने का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल एथनॉल बनाने में झोंकने के कारण बाजार में चीनी और गुड़ की किल्लत हो गई है। इसका नतीजा यह है कि बाजार में चीनी के दाम 65 से 70 रुपये प्रति किलो और गुड़ के दाम 80 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं, जो आम परिवारों के बजट से बाहर है। डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि सरकार की इस नीति ने आगामी त्योहार रक्षाबंधन का स्वाद भी पूरी तरह बिगाड़ दिया है। त्योहार से ठीक पहले मिठाई बाजारों में आग लगी है और आम आदमी का पसंदीदा घेवर लगभग 800 से 1000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुका है।

फास्ट न्यूज

### करणी सेना जिलाध्यक्ष सुमित ठाकुर नजरबंद

अलीगढ़। सोमना मोड़ स्थित आवास पर श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुमित ठाकुर को रविवार देर रात उनके पुलिस ने नजरबंद कर दिया। वे यूजीसी के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में जंतर-मंतर जा रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोमना निवासी सुमित ठाकुर दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद क्षेत्रीय पुलिस उनके आवास पर पहुंची और उन्हें 24 घंटे के लिए घर में ही नजरबंद कर दिया।

### अलीगढ़ के खेरेश्वर धाम में दर्शन को उमड़ी भीड़

अलीगढ़। सावन के चौथे सोमवार पर अलीगढ़ के ऐतिहासिक सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा परिसर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। रात 12 बजे के बाद मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने भगवान खेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक शुरू कर दिया। गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों और दूर-दराज से आए शिवभक्तों में बाबा के दर्शन को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। राजघाट, नरोरा, अनूपशहर और घटिया घाट से गंगाजल लेकर कांवड़िये खेरेश्वर धाम पहुंचे। रात से ही मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं।

### जल चढ़ाने जा रही महिला की एक्सीडेंट में मौत

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सावन के आखिरी सोमवार को जलाभिषेक के लिए मंदिर जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 8 बजे मुंडापांडे थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर कोसी पुल के पास हुआ। महिला बाइक से अचानक गिर गई। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

# एमआईईटी स्कूल में कक्षा पांच की 'संपदा' प्रस्तुति ने दिया प्रकृति और संस्कृति संरक्षण का संदेश

तमसा संकेत,संवाददाता

मेरठ। एमआईईटी पब्लिक स्कूल, पल्लवपुरम में सोमवार को कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं ने 'संपदा' विषय पर आकर्षक कक्षा प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से सामने रखा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा के स्वागत से हुई।

इसके बाद प्रधानाचार्या और अभिभावकों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संस्कृत श्लोकों ने कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की छटा बिखेरी। इसके बाद प्रस्तुत किए गए सुविचार ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। 'संपदा' विषय को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों ने लघु नाटक, पहेली और कविता के माध्यम से विभिन्न संपदा स्रोतों की जानकारी दी। बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति के जरिए पंच तत्वों का महत्व बताया। वहीं, वृक्ष और हरियाली को धरती की अमूल्य संपदा बताते हुए विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रस्तुतियों को अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहा। प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कार्यक्रमों में भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है और उन्हें आगे बढ़कर ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों से भी जोड़ने का प्रयास करता है, ताकि उनका उचित मार्गदर्शन हो सके।









कार्यक्रम में विद्यालय चैयरमेन विष्णु शरण अग्रवाल, वाईस चैयरमेन गौरव अग्रवाल और मैनेजर बरखा अग्रवाल का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

कक्षा अध्यापिका सरगम रस्तोगी ने कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा पांच की अध्यापिकाओं सुरभि शर्मा और सरगम रस्तोगी का विशेष योगदान रहा। वहीं, शिक्षिका कनिका पालीवाल ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नाम में तिलक की राष्ट्रभक्ति, 'संतोष' में आस्था, मेरठ के नए कप्तान के सख्त तेवर

तमसा संकेत,संवाददाता

मेरठ। मेरठ के नवनियुक्त एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति शहर में कार्यभार संभालने पहुंचे तो उनका धोती-कुर्ता वाला अंदाज चर्चा में रहा। लेकिन उनके नाम की कहानी सामने आई तो यह चर्चा और दिलचस्प हो गई। उनके नाम में जहां बाल गंगाधर तिलक से जुड़ी राष्ट्रवादी प्रेरणा है, वहीं 'संतोष' में उनकी मां की आस्था की झलक मिलती है। दूसरी ओर, मेरठ की कमान संभालते ही उनके सख्त तेवर अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ स्पष्ट संदेश दे रहे हैं। 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी बीबीजीटीएस मूर्ति मूलरूप से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के रहने वाले हैं। कार्यभार संभालते ही उन्होंने कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए साफ किया कि अपराध और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीधे



एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी देकर उन्होंने पुलिस महकमे को भी सख्त संदेश दिया है। एसएसपी मूर्ति ने अपने पूरे नाम की कहानी साझा करते हुए बताया कि उनका पूरा नाम बाथल्ला बाल गंगाधर तिलक संतोष मूर्ति है। इसी नाम के शुरुआती अक्षरों से बीबीजीटीएस बना है, जबकि बाथल्ला उनका सरनेम है। उनके पिता बी. ईश्वरय्या स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक से प्रभावित थे। इसी प्रेरणा से उन्होंने बेटे के नाम में 'बाल गंगाधर तिलक' जोड़ा। वहीं उनकी मां बी. विजया कुमारी संतोषी माता में आस्था रखती थीं और उन्होंने बेटे के नाम में 'संतोष' शब्द शामिल किया। इस तरह उनके नाम में पिता की राष्ट्रवादी सोच, मां की आस्था और परिवार के कुलनाम का अनूठा संगम देखने को मिलता है। मेरठ की कमान संभालते हुए एसएसपी ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस अपनाया जाएगा। उन्होंने शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा बढ़ते साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने की प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ काम करने का संदेश देते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही हर पीड़ित को न्याय दिलाना और महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# कम बारिश में लबालब कृष्ण विहार कॉलोनी

### जल निकासी व्यवस्था पर सवाल

तमसा संकेत, एजेंसी

गोवर्धन। थोड़ी सी बारिश ने ही नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। कृष्ण विहार कॉलोनी में टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे की गली में बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह गली सीधे परिक्रमा मार्ग की ओर जाती है, जिसके चलते स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालुओं को भी दिक्कत हो रही है। कम बारिश में ही गली तालाब में तब्दील हो गई। घुटने तक पानी भरने से कॉलोनीवासियों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। ई-रिक्शा चालक, स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बच्चे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। परिक्रमा करने आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भी इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जलभराव की



समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत गोवर्धन में लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

# 350 किमी दंडवती कर मथुरा पहुंचा युवक

## संत प्रेमानंद महाराज की सलामती के लिए जलाभिषेक करेगा, हरिद्वार से गंगाजल लेकर आया है

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। संत प्रेमानंद महाराज के बेहतर स्वास्थ्य की कामना के लिए फरीदाबाद के युवक रमण ने 350 किलोमीटर की दंडवती कांवड़ यात्रा की। हरिद्वार से गंगाजल लेकर निकले रमण 62 दिन में दंडवती करते हुए वृंदावन पहुंचे। उनका संकल्प है कि संत प्रेमानंद महाराज हमेशा स्वस्थ रहें और अपने प्रवचनों के जरिए लोगों को जीवन की सही राह दिखाते रहें। हरियाणा के फरीदाबाद निवासी रमण पिछले तीन साल से संत प्रेमानंद महाराज के प्रवचनों को फॉलो कर रहे हैं। जब भी समय मिलता है, रमण का कहना है कि उनके प्रवचनों से उन्हें जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिला और उनकी सोच में भी बदलाव आया। रमण के दंडवती करते हुए आगे बढ़ने के दौरान दोस्त भी कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। अब सावन के अंतिम सोमवार को वह कांवड़ में लाए गए गंगाजल से शिवालय में जलाभिषेक करेंगे और अपना संकल्प पूरा करेंगे। वह राधा रानी और भगवान शिव से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। काफी समय से मन में इच्छा थी कि गुरु के बेहतर स्वास्थ्य की कामना के लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर वृंदावन आएं। इसी संकल्प के साथ उन्होंने यात्रा शुरू की।



- रमन ने बताया कि संत प्रेमानंद महाराज का जब भी स्वास्थ्य बिगड़ता है तो मन में घबराहट होती है।
- 20 जून की सुबह पूजा अर्चना कर दंडवती कांवर यात्रा शुरु कर दी।



## 20 जून को हरिद्वार से शुरू हुई यात्रा

रमण 19 जून को हरिद्वार पहुंचे थे। 20 जून की सुबह पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने दंडवती कांवड़ यात्रा शुरू की। वह रोजाना करीब 6 से 7 किलोमीटर दंडवती करते हुए आगे बढ़ते रहे। 62वें दिन वृंदावन पहुंचे और सीधे केली कुंज आश्रम पहुंचे। यात्रा में रमण के चार दोस्त भी उनके साथ रहे। तीन दोस्त आगे-पीछे चलकर रास्ते में उनकी जरूरतों का ध्यान रखते थे। एक दोस्त ई-रिक्शा लेकर साथ चलता था। इसमें स्पीकर लगा था, जिस पर लगातार भजन बजते रहते थे। खाने-पीने का सामान और कपड़े भी इसी ई-रिक्शा में रखे गए थे।

## स्वास्थ्य खराब होने पर होती है चिंता

रमण ने बताया कि जब भी संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य से जुड़ी कोई खबर सामने आती है तो उन्हें चिंता होती है। वह राधा रानी और भगवान शिव से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। काफी समय से मन में इच्छा थी कि गुरु के बेहतर स्वास्थ्य की कामना के लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर वृंदावन आएं। इसी संकल्प के साथ उन्होंने यात्रा शुरू की।

# पृष्ठ 01 का शेष...

### देश को कोसना ...

मनुस्मृति में इन संबंधों का जिक्र किया गया है। एक दिन जब सावरकर को कोल्हू में तेल पेरने के लिए ले जाया गया, तब उन्होंने अपने भाई को देखा और उन्हें पता चला कि वह भी उसी जेल में बंद हैं। जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट का नाम वीर सावरकर के नाम पर किया था, तब कांग्रेस ने उनका नाम हटा दिया। कांग्रेस को सुभाष चंद्र बोस और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भी स्वीकार नहीं हैं। योगी ने कहा कि जब आप भारत की संस्थाओं का अपमान करते हैं और प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं तो आप सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि भारत की संस्था का अपमान करते हैं। प्रधानमंत्री व्यक्ति नहीं, संस्था होता है। ऐसी हरकतों का विरोध करना होगा। 1975 के आपातकाल की काली छाया देश देख चुका है। योगी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मछली की दावत पर कहा, 'कांग्रेस के लोग विरासत का अपमान करते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने जिस तरह का आचरण किया है, वह इसका उदाहरण है। हनुमानगढ़ी में दर्शन करते हैं, फिर बाहर जाकर मछली की दावत उड़ाते हैं। ये राम-राम चिल्लाते हैं। इनका दोहरा आचरण देखकर तो गिरगिट भी शरमा जाता होगा। वह कहता होगा कि मनुष्य के रूप में हमारी कौन-सी प्रजाति पैदा हो गई है। योगी ने कहा- इनके (अजय) भाई की एक माफिया (मुख्तार अंसारी) ने हत्या की है, लेकिन यह व्यक्ति उसके खिलाफ बयान देने नहीं गया, बल्कि उसके सामने घुटने टेक दिए और नतमस्तक हो गया।' मछली पालना, पकड़ा और खाना निषाद समाज की जीवनशैली में है। भाजपा निषाद समाज का अपमान कर रही है, निषाद समाज इसे भूलेगा नहीं।

### अमेरिका एच-1बी ...

पहले H-1B वीजा लेने में आमतौर पर करीब 2,000 से 5,000 डॉलर (करीब 1.9 लाख से 4.7 लाख रुपए ) तक फीस लगती थी। यह रकम अलग-अलग मामलों में अलग हो सकती थी। रॉयटर्स के मुताबिक, यह नया नियम साल के आखिर तक लागू किया जा सकता है।अगर यह लागू हो जाता है तो इसका सीधा असर भारतीयों पर पड़ेगा, क्योंकि इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल भारतीय IT और टेक प्रोफेशनल्स करते हैं। पिछले साल ट्रम्प ने एक अस्थायी आदेश के जरिए यह फीस लागू की थी। लेकिन जून में अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने इसे गैरकानूनी बताते हुए अमेरिकी सरकार को फीस वसूलने से रोक दिया था। अब बोस्टन की एक अपीलीय अदालत इस फैसले की समीक्षा कर रही है। वहीं, वॉशिंगटन डीसी की एक दूसरी अदालत इस मामले में एक बड़े कारोबारी संगठन की याचिका पर फैसला देख रही है। नए प्रस्ताव में अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (DHS) को फीस को स्थायी बनाने के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया गया है। यानी सरकार अब इसे हमेशा के लिए कानून बनाने की कोशिश कर रही है। ट्रम्प सरकार के इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ेगा। बड़ी संख्या में भारतीय IT प्रोफेशनल्स H-1B वीजा के जरिए अमेरिका में काम करते हैं। AI की वजह से टेक सेक्टर में छंटनी और नए इमिग्रेशन नियमों के कारण विदेशी कर्मचारियों की भर्ती पहले ही धीमी हो चुकी है। इस बीच कई भारतीय कर्मचारियों की नौकरी भी जा सकती है। अमेरिकी नियमों के मुताबिक नौकरी जाने के बाद नए रोजगार के लिए सिर्फ 60 दिन का समय मिलता है।

### मराठी सीखने के ...

भाषा संबंधी इस निर्देश को लेकर परिवहन कर्मचारियों के एक वर्ग में विरोध बढ़ रहा है। चालक अधिकारियों से नियम और इससे जुड़े जुर्माने पर दोबारा विचार करने की मांग कर रहे हैं। इस अभियान के तहत मराठी नहीं बोल पाने वाले ड्राइवरों को नोटिस दिए जा रहे हैं। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा और अब तक करीब 2,500 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। परिवहन विभाग के मुताबिक, 20 अगस्त से मुंबई और राज्य के दूसरे हिस्सों में करीब 13 हजार ड्राइवरों की जांच हुई है। बातचीत की परीक्षा में फेल होने वाले ड्राइवरों को मराठी सीखने के लिए एक महीने का नोटिस दिया जा रहा है। ड्राइवरों का कहना है कि कामचलाऊ मराठी सीखने के लिए जरूरी व्यवस्था उपयोगी नहीं रही। उनका यह भी कहना है कि एक महीने का कारण बताओ नोटिस बेबुनियाद है। एक ऑटो ड्राइवरो ने कहा, "उन्होंने मराठी सीखने के लिए सिर्फ चार सेशन दिए, जो पर्याप्त नहीं हैं। मैं अब भी परेशानी में हूं, इसलिए मुझे नहीं पता कि आगे क्या करना है।

### सीजेपी का 5 ...

इसके बाद CJP और ABVP के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने ABVP और भारतीय जनता युवा मोर्चा के 2 पदाधिकारियों समेत 11 लोगों को हिरासत में लिया है। जयपुर में रामपुरा-कंवरपुरा गांव में सरकारी स्कूल के निरीक्षण के दौरान CJP कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ था। इसमें पार्टी के प्रवक्त आशुतोष रांका भी शामिल थे। CJP ने कार्रवाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। ग्रामीणों ने भी CJP के खिलाफ एक्शन नहीं होने पर गिरफ्तारियां देने की चेतावनी दी थी। पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता जनाब मफीक की 15 अगस्त को हमले में लगी गंभीर चोटों से मौत हो गई। CJP के मुताबिक, मफीक 13 अगस्त को अपने गांव करिसुंडा के सरकारी स्कूल में CJP के 'स्कूल ठीक करो' अभियान में शामिल हुए थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने उनके घर में घुसकर उन्हें पीटा।

### 'असंवैधानिक है वन ...

इनमें तरलोचन सिंह, नवीन खन्ना, मीनाक्षी जैन और नीरू कुमार शामिल थे। इनमें से कुछ पद्म पुरस्कार पाने वालों ने एक साथ चुनाव कराने की पहल का समर्थन किया। वहीं, कुछ ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इससे देश में अराजकता फैल सकती है। दोनों विधेयक दिसंबर 2024 में लोकसभा में पेश किए गए थे। इसके बाद जांच के लिए इन्हें संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया। इसमिति ने लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव अलग-अलग फेज में एक साथ कराने की सिफारिश की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कोविंद की अध्यक्षता वाली इस हाईलेवल कमेटी के सदस्य थे। राज्य विधानसभाओं को भी पिछले वर्षों में इसी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। समय से पहले विधानसभा भंग होने और कार्यकाल बढ़ने की घटनाएं बार-बार सामने आती रही हैं। इन घटनाओं से एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था पूरी तरह टूट गई और देश में चुनावों का मौजूदा सिस्टम बन गया। 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल का गठन किया गया था। इस पैनल ने हितधारकों-विशेषज्ञों के साथ चर्चा और 191 दिनों के शोध के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### 35 साल पहले ...

कश्मीर घाटी में कई जगह छापे भी मारे जा रहे हैं। 25 जनवरी 1998 की रात गांदरबल के वंधामा गांव में हथियारबंद आतंकियों ने कश्मीरी पंडित परिवारों के घरों में घुसकर 23 लोगों की हत्या कर दी थी। हमलावरों ने परिवारों के लोगों को एक जगह इकट्ठा कर गोलियां चलाई थीं। यह हमला गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले हुआ था। उस दिन शब-ए-कद्र की रात भी थी। लंबे समय तक किसी आरोपी को सजा नहीं मिली। 13 सितंबर 1989 को श्रीनगर में कश्मीरी पंडित नेता और वकील टीका लाल टपलू की घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। टपलू उस समय जम्मू-कश्मीर BJP के उपाध्यक्ष और घाटी में कश्मीरी पंडितों के प्रमुख राजनीतिक चेहरों में शामिल थे। घाटी में आतंकवाद के शुरुआती दौर में कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाए जाने की यह बड़ी घटना थी। हत्या के लिए JKLF आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया गया।

